भारत ने 2025 का पहला खो-खो विश्व कप जीता

[स्रोत: द हिंदू](#)

भारत ने **पहली बार आयोजित खो-खो विश्व कप 2025** के फाइनल में नेपाल को हराकर **पुरुष और महिला दोनों खो-खो विश्व चैंपियन खिताब जीता।**

- **खो-खो विश्व कप 2025:** इस टूर्नामेंट को [भारतीय ओलंपिक संघ (IOA)](#) का समर्थन प्राप्त था, इसमें दोनों डिवीजनों (पुरुष और महिला) के लिये ग्रुप चरण और नॉकआउट शामिल थे।
- **खो-खो का ऐतिहासिक महत्व:** यह भारत के सबसे पुराने **पारंपरिक टैग खेलों** में से एक है, ऐसा माना जाता है कि इसका विकास [महाभारत](#) **के युद्ध प्रारूप चक्रव्यूह** से हुआ है, जो खो-खो के रिंग खेल के समान एक रक्षात्मक रणनीति है।
  - विशेषज्ञों का मानना है कि खो-खो की शुरुआत **महाराष्ट्र** में हुई थी और इसे शुरू में रथों पर खेला जाता था। आधुनिक फुट संस्करण [प्रथम विश्व युद्ध के दौरान वर्ष 1914](#) में सामने आया, जब **पुणे के डेक्कन जिमखाना क्लब** ने अपने नियमों और संरचना को औपचारिक रूप दिया।
  - खो-खो टीम में **9 सक्रिय खिलाड़ी** होते हैं, जिसमें 3 विकल्प उपलब्ध होते हैं। खिलाड़ी बारी-बारी से **विरोधियों का पीछा करते हैं, बचाव करते हैं और टैग करते हैं।**
  - खो-खो का प्रदर्शन **वर्ष 1936 के बर्लिन ओलंपिक** में [कबड्डी](#) **और** [मल्लखंब](#) जैसे अन्य स्वदेशी भारतीय खेलों के साथ किया गया था।
- **बढ़ती लोकप्रियता:** खो-खो की वैश्विक पहुँच **वर्ष 2020 में 6 देशों से बढ़कर वर्ष 2025 में 55 हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय खो-खो महासंघ (IKKF)** का लक्ष्य [वर्ष 2036 तक 90 देशों तक विस्तार कर ओलंपिक](#) में शामिल करना है।

और पढ़ें: [वर्ष 2036 के ओलंपिक की मेज़बानी के लिये भारत का आशय पत्र](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-wins-inaugural-kho-kho-world-cup-2025